>

Title: Need to provide basic infrastructure facilities in Bareilly at par with other metro cities in the Country.

**श्री संतोष गंगवार (बरेली):** महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बरेली उत्तर प्रदेश का मुख्य महानगर है। इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा इसका चयन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत काउन्टर मैगनेट सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है तथा इसी अनुसार केन्द्र नगरीय सुविधाओं हेतु आधारभूत संरचनाएं विकसित करवाने का प्रयास कर रही है। परंतु यह जानकारी में आया है कि बरेली, जो उत्तर प्रदेश का मुख्य महानगर है, को केन्द्र सरकार की सूची में महानगर का दर्जा प्राप्त नहीं है, केन्द्र सरकार में इसकी गणना मझोले व छोटे नगरों के रूप में है। इस कारण इस महानगर का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। मेरा शहरी विकास मंत्रालय से आग्रह है कि बरेली, जो पिछले 25 वर्षों से महानगर के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित है, को केन्द्र में महानगर की श्रेणी में शामिल कर इसी अनुरूप आवश्यक आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएं।

MR. SPEAKER: Shrimati Jayaben B Thakkar – Not present.

Shri Avinash Rai Khanna.